28 अप्रैल 2026
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



चौसा को बड़ी सौगात : आरओबी शुरू होते ही जाम से राहत, सफर हुआ आसान

2



## खबरें फटाफट

### टीएमसी सांसद मिताली की कार पर ईंट-पत्थर से हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली में सोमवार को टीएमसी सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। हमला उस वक्त हुआ, जब मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग में अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होने जा रही थीं। हमले में कार के शीशे टूट गए। सांसद और उनके ड्राइवर को चोट आई है। दोनों को आरामबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले के बाद कैमरे के सामने मिताली बाग फूट-फूटकर रो पड़ीं। उन्होंने कहा, ह्यमेरी गाड़ी की हालत देखिए। उन लोगों ने बड़े-बड़े पत्थर फेंके। मैं किसी तरह जान बचाकर निकली हूं। टीएमसी का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने गोगहाट में सांसद की गाड़ी पर ईंट-पत्थर और लाठियों से हमला किया। टीएमसी ने  पर पोस्ट कर कहा- गृह मंत्री अमित शाह ने धमकी दी थी कि जो भी घर से बाहर निकलेगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा। उसी के बाद यह हमला हुआ।

### बेंगलुरु की आईपीएल 2026 में छठी जीत

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 में छठी जीत दर्ज करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को 9 विकेट से हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में बेंगलुरु ने दिल्ली को 75 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिल्ली ने 8 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अभिषेक पोरेल ने 30 रन बनाकर टीम का स्कोर 16.3 ओवर में 75 तक पहुंचाया। जवाब में बेंगलुरु ने 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर मैच जीत लिया। देवदत्त पडीक्कल 34 और विराट कोहली 23 रन बनाकर नॉट आउट रहे। इससे पहले बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड ने 4 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भुवनेश्वर कुमार ने 3 विकेट झटके। विराट कोहली ने इस पारी के दौरान 11 रन बनाते ही क्ढछ में 9 हजार रन पूरे कर लिए। वे इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले बल्लेबाज बने हैं। बेंगलुरु इस जीत के साथ 12 पॉइंट्स लेकर दूसरे स्थान पर है। वहीं दिल्ली के पास 8 मैच में 6 पॉइंट्स हैं।

## दिल्ली सरकार का ग्रीन एक्शन प्लान : राजधानी में लगाएगी 70 लाख से ज्यादा पौधे




**एजेंसी। पटना**

दिल्ली सरकार ने समाज के हर वर्ग की भागीदारी के साथ बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान शुरू कर रही है. इसी क्रम में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई. इसमें स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, टेक्निकल संस्थान और प्रमुख संस्थान जैसे क्ब्ळ दिल्ली, ठरवळ, जामिया मिल्लिया इस्लामिया सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हुए. बैठक में शिक्षा विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग और नागरिक एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे. यह पहल सरकार की ग्रीन एक्शन प्लान 202627 का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत दिल्ली में 22 विभागों के समन्वित प्रयासों से 70 लाख से अधिक पेड़, पौधे और झाड़ियां लगाने का लक्ष्य रखा गया है. बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को दिल्ली के ग्रीन मूवमेंट की रीढ़ बनना होगा. इसके लिए छात्रों, शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों को पौधारोपण और उनकी लंबे समय तक देखभाल में सक्रिय रूप से शामिल करना जरूरी है. मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारा विजन बिल्कुल स्पष्ट है, हम चाहते हैं कि समाज का हर वर्ग दिल्ली की हवा को साफ करने का भागीदार बने।

### दिल्ली सरकार ग्रीन अवॉर्ड्स भी करेगी शुरू

मंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल पौधारोपण की संख्या तक सीमित नहीं है. हम चाहते हैं कि हर स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी परिसर पर्यावरणीय जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बने. परिसरों के भीतर पेड़ वायु गुणवत्ता सुधारते हैं, बेहतर माइक्रो-क्लाइमेट बनाते हैं और छात्रों में हर दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं. सरकार ग्रीन अवॉर्ड्स भी शुरू कर रही है, जिसके तहत उन व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा जो लगाए गए पौधों की सबसे अच्छी देखभाल करेंगे और उनके लंबे समय तक जीवित रहने को सुनिश्चित करेंगे. सिरसा ने कहा कि हम केवल यह नहीं गिनेंगे कि कितने पेड़ लगाए गए, बल्कि यह भी देखेंगे कि उनकी देखभाल कितनी अच्छी तरह की गई. ग्रीन स्कूल अवॉर्ड्स के माध्यम से हम उन संस्थानों को सम्मानित करना चाहते हैं जो दिल्ली के पर्यावरणीय भविष्य की सच्ची जिम्मेदारी लेते हैं। पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संस्कृति बनना चाहिए।

## जस्टिस स्वर्णकांता से न्याय की उम्मीद खत्म : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को वीडियो जारी कर कहा, शराब नीति घोटाला मामले में मैं हाईकोर्ट में न खुद पेश होऊंगा और न ही कोई मेरी तरफ से दलीलें रखेगा।' उन्होंने कहा, हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। पूर्व सीएम ने जस्टिस स्वर्णकांता को लेटर भी लिखा। इसमें कहा, मैंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए महात्मा गांधी के सत्याग्रह का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। इसकी वजह है कि जस्टिस स्वर्णकांता के दोनों बच्चे केंद्र सरकार के वकील के



पैनल का हिस्सा हैं। इसमें साफ तौर पर हितों का टकराव दिखता है। उन्होंने कहा, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दोनों बच्चों को केस देते हैं। उनके बेटे को 2023 से 2025 के बीच करीब 5904 केस मिले। अगर जज के बच्चों का भविष्य सॉलिसिटर जनरल तय कर रहे हैं तो क्या जज साहिबा उनके खिलाफ फैसला सुना पाएंगी।

## आज 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिक्किम पहुंचे गंगटोक में किया रोड शो



❍ राज्य के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे

**एजेंसी। पटना**

पीएम मोदी सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंच गए हैं। वे सोमवार दोपहर 3 बजे गंगटोक पहुंचे। जिसके बाद लिबिंग हेलिपैड से गवर्नर हाउस (लोक भवन) तक उन्होंने रोड शो किया। मोदी दो दिवसीय सिक्किम दौरे पर हैं। कल वे राज्य के 50वें स्थापना दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे और 4000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 16 मई 2025 को सिक्किम को राज्य बने 50 साल पूरे हुए थे। तब पीएम वर्चुअली 50वें स्थापना दिवस समारोह से जुड़े थे। मंगलवार को एक साल से चल रहे समारोह का समापन होगा। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर घंटों तक भारी भीड़ उमड़ती रही और लोग राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। जैसे ही प्रधानमंत्री मोदी का काफिला पहुंचा, लोग जश्न मनाने लगे और उत्सव का माहौल बन गया। रोड शो के मार्ग को सजाया गया था, कई जगहों पर मेहराबदार द्वार बनाए गए थे और सड़कों के किनारे प्रधानमंत्री के बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए थे।

### 4,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

मंगलवार को पीएम मोदी गंगटोक स्थित 'ऑर्किडेरियम का दौरा करेंगे। राज्य की पारिस्थितिकी और पुष्प विरासत को प्रदर्शित करने के लिए सिक्किम राज्य स्थापना की स्वर्ण जयंती पर एक विश्व स्तरीय ऑर्किड अनुभव केंद्र के रूप में 'स्वर्ण जयंती मैत्री मंजरी पार्क विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री पालजोर स्टेडियम में सिक्किम राज्य की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने से जुड़े समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेने के साथ 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण भी करेंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे सभा को संबोधित

जानकारी के मुताबिक, ये परियोजनाएं अवसंरचना, संपर्क, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि सहित कई क्षेत्रों को कवर करती हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे। पिछले साल राज्य के रूप में सिक्किम के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक समारोह के उद्घाटन समारोह में उन्हें उपस्थित होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण वे कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच सके थे। हालांकि, उन्होंने पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया था।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पीएम का स्वागत

सिक्किम पहुंचने पर पीएम मोदी के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी गई, पूरा माहौल उत्साह से भरा रहा. पारंपरिक सिक्किमी नृत्य दलों की प्रस्तुतियां हुई और स्थानीय वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई दी. लोक संस्कृति के रंग ने गंगटोक को सिक्किम की सांस्कृतिक पहचान का जीवंत मंच बना दिया. यह रोड शो सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि सिक्किम की सांस्कृतिक विरासत का सार्वजनिक उत्सव बन गया. इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ रोड शो में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सिक्किम बीजेपी अध्यक्ष डी.आर. थापा मौजूद रहे।

## दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र आज, महिला आरक्षण पर विपक्ष के खिलाफ आएगा निंदा प्रस्ताव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा का एक दिन का स्पेशल सत्र बुलाया गया है. इस सत्र में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव आएगा. दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे शुरू होगी. सबसे पहले विधानसभा सदस्य विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति से नियम-280 के अंतर्गत अपने इलाके के मामले उठाएंगे. इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जोकि दिल्ली की वित्त मंत्री भी हैं, वर्ष 2024-25 हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के वित्त लेखे एवं विनियोग लेखे की प्रतियां सदन पटल पर पेश करेंगी. अंत में सरकारी संकल्प (नियम-



90 के अंतर्गत) मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नारी शक्ति वंदन अधिनियम के क्रियान्वयन ना होने पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करेंगी. दिल्ली असेंबली सेक्रेटेरिएट के एक बयान में कहा गया है कि आठवीं विधानसभा का पांचवां सेशन मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू होगा. अधिकारियों ने कहा कि सेशन एक दिन तक चलने की संभावना है, लेकिन जरूरत पड़ने पर इसे और बढ़ाया जा सकता है।

## आसाराम के आश्रम को राहत! सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई पर लगाई रोक, गुजरात सरकार से मांगा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में आसाराम के आश्रम की जमीन और संपत्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों के जारी कारण बताओ नोटिस में प्रथम दृष्टया पर्याप्त विवरणों का अभाव है. जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप जस्टिस मेहता की पीठ ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया.पीठ ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, जिससे गुजरात हाई कोर्ट के 17 अप्रैल के फैसले पर असरदार तरीके से रोक लग गई. हाई कोर्ट ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास मोटेरा में आसाराम आश्रम की लगभग 45,000 स्क्वायर मीटर जमीन पर कब्जा करने का रास्ता राज्य के लिए साफ कर दिया था.सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से विवादित जमीन से जुड़े सभी जरूरी रिकॉर्ड पेश करने को कहा. राज्य सरकार ने बिना इजाजत कंस्ट्रक्शन और जमीन के इस्तेमाल की शर्तों का कथित तौर पर पालन न करने के बारे में हाई कोर्ट के नतीजों पर अपनी राय दी. आश्रम की तरफ से सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि पूरी कार्रवाई गैर-कानूनी और गलत इरादे से की गई थी. बेंच के सामने यह दलील दी गई कि ट्रस्ट को इसलिए टारगेट किया जा रहा है क्योंकि जमीन प्रस्तावित स्पोर्ट्स डेवलपमेंट जोन में आती है. सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से नोटिस के आधार पर ही अपने केस को सही ठहराने को कहा. बेंच ने कहा, आखिरकार, आपके केस को आपके नोटिस पर ही टिकना होगा।






## एनएच-922 पर सुबह बड़ा हादसा, ट्रक लेकर फरार हुआ चालक, सीसीटीवी के सहारे तलाश में जुटी पुलिस

# गश्ती पर निकली पुलिस जीप को ट्रक ने रौंदा : चालक लहूलुहान, टक्कर से राइफल भी टूटी



**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

पटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग 922 पर सोमवार की सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बचा, जब नियमित गश्त पर निकली कृष्णाब्रह्म थाना की पुलिस जीप को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि पुलिस वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौके पर मौजूद एक जवान की राइफल का मजबूत बट्ट तक फट गया।

जानकारी के अनुसार, कृष्णाब्रह्म थाना की पुलिस टीम रोजाना की तरह सोमवार सुबह एनएच-922 के उत्तरी लेन पर गश्त करते हुए पूरब दिशा की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहा एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक अचानक पुलिस वाहन से जा भिड़ा। टक्कर इतनी तेज थी कि जीप सड़क किनारे जा फेंकी गई और इंजन सहित सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

इस हादसे में पुलिस वाहन चला रहे चालक संतोष कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनके सिर में गहरी चोट लगी, जिससे काफी खून बहने लगा। साथ ही सीने में भी चोट की शिकायत बताई गई है। घटना के तुरंत बाद साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए घायल चालक को डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है, लेकिन निगरानी में रखा गया है।

घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। क्षतिग्रस्त पुलिस वाहन को देखकर लोग हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाते रहे। पुलिसकर्मियों ने स्थिति संभालते हुए यातायात को सामान्य कराया।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि टक्कर के दौरान एक जवान की सरकारी राइफल का बट्ट टूटकर फट गया। आमतौर पर बेहद मजबूत मानी जाने वाली राइफल का हिस्सा टूटना हादसे की तीव्रता को दशार्ता है।

उधर, दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। कृष्णाब्रह्म थाना में पुलिस के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और ट्रक की पहचान में जुटी है।

थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। फरार चालक की गिरफ्तारी और वाहन की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## वर्षों से अटकी मांग पूरी, डीएम ने किया निरीक्षण, अधूरे कार्य जल्द निपटाने का निर्देश

# चौसा को बड़ी सौगात : आरओबी शुरू होते ही जाम से राहत, सफर हुआ आसान





**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा और आसपास के हजारों लोगों के लिए लंबे इंतजार के बाद राहत की बड़ी खबर सामने आई है। वर्षों से जिस रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का इंतजार किया जा रहा था, वह अब आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। रविवार की शाम से पुल पर वाहनों का परिचालन शुरू होते ही क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस पुल के चालू होने से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम, घंटों की देरी और रोजमर्रा की परेशानी से लोगों को काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।

सोमवार को जिला पदाधिकारी साहिला प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और आरओबी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पुल से जुड़े शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए, ताकि लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया।

निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि आमजन की सुविधा को देखते हुए पुल को फिलहाल वाहनों के आवागमन के लिए चालू किया गया है। अभी कुछ स्थानों पर फिनिशिंग का काम बाकी है। साथ ही सर्विस रोड, किनारों की सुरक्षा व्यवस्था, संकेतक बोर्ड और अन्य सहायक संरचनाओं का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने की योजना बनाई गई है।

चौसा क्षेत्र में रेलवे फाटक लंबे समय से लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ था। फाटक बंद होते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी। कई बार लोगों को आधे घंटे से लेकर घंटों तक इंतजार करना पड़ता था। इससे सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और व्यापारियों को उठानी पड़ती थी।

कई बार ऐसी स्थिति भी बनती थी जब एंबुलेंस जाम में फंस जाती थी और मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई होती थी। त्योहारों, बाजार के दिनों और कार्यालय समय में जाम की समस्या और गंभीर हो जाती थी। स्थानीय लोग लंबे समय से आरओबी निर्माण पूरा कर उसे चालू करने की मांग कर रहे थे।

अब पुल के शुरू होने से चौसा, बक्सर और आसपास के इलाकों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वाहन चालकों को रेलवे फाटक खुलने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और यात्रा का समय भी बचेगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे व्यापार, आवागमन और आपातकालीन सेवाओं को गति मिलेगी।

हालांकि लोगों ने यह भी मांग की है कि जो कार्य अभी अधूरे हैं, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। विशेष रूप से सर्विस रोड, प्रकाश व्यवस्था, रेलिंग, जल निकासी और सुरक्षा संकेतकों की व्यवस्था शीघ्र कर पुल को पूरी तरह व्यवस्थित बनाया जाए।

चौसा आरओबी के शुरू होने से यह साफ हो गया है कि वर्षों की प्रतीक्षा अब खत्म हो चुकी है और क्षेत्र को जाममुक्त, तेज और सुरक्षित यातायात की नई राह मिल गई है।

## एक नजर

### नुआंव में खिड़की का ग्रिल काट चोरी मामले में अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज



**कृष्णाब्रह्म।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नुआंव गांव में बीते दिनों हुई बड़ी चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों ने सुनियोजित तरीके से घर की खिड़की का ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और नगदी समेत लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नुआंव गांव निवासी धनजी यादव के घर 23 अप्रैल की मध्य रात्रि अज्ञात चोर पहुंचे। चोरों ने पहले घर की खिड़की का ग्रिल काटा और फिर उसी रास्ते मकान के अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद घर में रखी अलमारी को निशाना बनाया। अलमारी में रखे 70 हजार रुपये नगद, सोने की चेन, कनफूल, चांदी की हसुली सहित अन्य कीमती आभूषण चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को सुबह तब हुई, जब वे नींद से जागे और घर का सामान बिखरा देखा। अलमारी खुली हुई थी तथा नगदी और गहने गायब थे। चोरी की सूचना मिलते ही परिवार में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। पीड़ित गृहस्वामी धनजी यादव ने स्थानीय थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं थाना पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## भीषण गर्मी के चलते बक्सर में 8वीं तक की कक्षाएं 11:30 बजे के बाद बंद

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में लगातार बढ़ते तापमान, भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। जिलाधिकारी साहिला ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए बक्सर जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में 8वीं कक्षा तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर अपराह्न 11:30 बजे के बाद प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 27 अप्रैल से लागू होकर 5 मई तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों पर भी लागू होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भीषण गर्मी और दोपहर के समय पड़ रही लू के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है, जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

इससे पहले 20 अप्रैल को जारी आदेश के तहत कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं में दोपहर 12 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाई गई थी। हालांकि मौसम विभाग द्वारा तापमान में और वृद्धि की संभावना जताए जाने के बाद प्रशासन ने समय सीमा को और घटाते हुए अब 11:30 बजे तक कर दिया है। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधनों को निर्देश दिया है कि वे जारी आदेश के अनुरूप अपनी कक्षाओं और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का समय पुनर्निर्धारित करें। साथ ही बच्चों को गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने को भी कहा गया है। प्रशासन के इस फैसले से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में छोटे बच्चों को स्कूल भेजना चिंता का विषय बना हुआ था। अब प्रशासन के इस कदम से बच्चों की सेहत को लेकर काफी राहत मिलेगी।

## पुराना भोजपुर गोलीकांड के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चस्पाया इश्तहार



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में हुए चर्चित गोलीकांड के फरार आरोपी पर अब पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे आर्म्स एक्ट के नामजद अभियुक्त आशीष सिंह के घर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तहार चस्पा किया है। इसके साथ ही पुलिस ने साफ संकेत दे दिया है कि अब आरोपी के पास आत्मसमर्पण के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। जानकारी के अनुसार करीब चार माह पूर्व पुराना भोजपुर गांव निवासी शिवम यादव शादी समारोह से भोज खाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कुछ परिचित युवकों से मामूली कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसक रूप ले लिया और आरोपियों ने शिवम यादव पर गोली चला दी। गोली उनके कंधे के समीप लगी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। परिजनों ने घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए आरा ले जाया, जहां पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायल का फर्द बयान दर्ज किया। इसी बयान के आधार पर नया भोजपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 120/25 समेत अन्य गंभीर धाराओं के तहत नामजद केस दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि इस कांड में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। हाल ही में एक अन्य आरोपी धनजी सिंह को रोहतास जिले के बूढ़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। वहीं मुख्य फरार आरोपी आशीष सिंह की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।थानाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि इश्तहार चस्पा होने के बाद भी यदि आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध कुर्की-जब्ती समेत आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार आरोपियों में हड़कंप मच गया है।

## मासूम की चीख पर अदालत सख्त : दुष्कर्मी को उम्रकैद

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत के इस फैसले को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। जिला अपर सत्र न्यायाधीश-6 सह विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अजीत कुमार शर्मा की अदालत ने सोमवार को आरोपी छोटू कुमार को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास का आदेश दिया।

अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि जुमार्ने की राशि जमा नहीं की जाती है तो दोषी को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसके अलावा आरोपी को एक अन्य धारा में सात वर्ष के कारावास की सजा भी सुनाई गई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि अदालत ने मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों, चिकित्सीय रिपोर्ट और गवाहों के बयान को गंभीरता से लिया। न्यायालय ने पीड़िता के बयान को मामले की सबसे मजबूत कड़ी मानते हुए उसी आधार पर दोषसिद्धि दर्ज की।

यह सनसनीखेज वारदात 22 सितंबर 2023 को सिकरौल थाना क्षेत्र में हुई थी। जानकारी के अनुसार पीड़िता स्कूल से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में भदार गांव निवासी छोटू कुमार ने उसे रोककर अपराध को अंजाम दिया। काफी देर बाद बच्ची रोते-बिलखते घर पहुंची। उसके कपड़े मिट्टी से सने थे और वह बेहद डरी-सहमी हालत में थी। बच्ची ने परिजनों को पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिवार ने तत्काल सिकरौल थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पीड़िता को हुए मानसिक, सामाजिक और शारीरिक आघात को गंभीर माना। इसी आधार पर न्यायालय ने राज्य सरकार की प्रतिकर योजना के तहत पीड़िता को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का निर्देश प्रशासन को दिया।

अदालत के फैसले के बाद न्यायिक गलियारों में यह चर्चा रही कि बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराधों में अब त्वरित और कठोर सजा का दौर शुरू हो चुका है। इस निर्णय से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने के साथ समाज में अपराधियों के लिए कड़ा संदेश गया है।









# चौसा में एनडीए की ताकत दिखी, जनप्रतिनिधियों ने कन्हैया प्रसाद के पक्ष में भरी हुंकार

- प्रखंड स्तरीय बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को साधने की कवायद, विकास और सम्मान के मुद्दे पर मांगा समर्थन




**केटी न्यूज/चौसा**

स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र भोजपुर सह बक्सर के चुनाव को लेकर सोमवार को चौसा में राजनीतिक सरगर्मी तेज दिखी। महर्षि च्यवन विद्यालय परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय बैठक में एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद के समर्थन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और विभिन्न दलों के पदाधिकारी जुटे। बैठक के जरिए पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को एकजुट कर चुनावी समर्थन मजबूत करने की रणनीति पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू नगर अध्यक्ष रामबाबू ने की, जबकि संचालन भाजपा नेता अमर गोंड़ ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संदेश विधायक राधाचरण सेठ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्राधिकार चुनाव में जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र की मजबूती में पंचायत प्रतिनिधियों का बड़ा योगदान रहता है।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने हमेशा विकास, सुशासन और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी है। पंचायत प्रतिनिधियों के मान-सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से अपील की कि वे एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद को विजयी बनाएं, ताकि क्षेत्र की आवाज और मजबूती से सदन तक पहुंच सके।

प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत स्तर के निर्वाचित सदस्य लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं। उनके अधिकार, सम्मान और सुविधाओं के लिए वे लगातार संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और प्रतिनिधियों की आवाज उठाना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने अपने परिवार के राजनीतिक अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व में भी पंचायत प्रतिनिधियों के हित में कई महत्वपूर्ण पहल की गई थीं और आगे भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाया जाएगा।

बैठक में जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक एनडीए समर्थित दलों के कई पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, मुखिया, सरपंच तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में चुनावी रणनीति, बूथ स्तर पर संपर्क अभियान और मतदाताओं से संवाद को लेकर भी चर्चा की गई। चौसा की इस बैठक को स्थानीय प्राधिकार चुनाव में एनडीए की शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

## एक नजर

### महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में आज होगा सम्मान समारोह व संगोष्ठी

**बक्सर।** महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के तत्वावधान में मंगलवार को मानस सभागार में भव्य शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों का पुरस्कार वितरण समारोह तथा ह्लबदलते वैश्विक परिवेश में युवा वर्ग की महत्वाकांक्षाह्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित होगी। समारोह के मुख्य अतिथि बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह होंगे, जो अपने करकमलों से क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पूर्व स्नातकोत्तर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मृत्युंजय सिंह उपस्थित रहेंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना तथा बदलते समय में युवाओं की सोच, आकांक्षाओं और चुनौतियों पर सार्थक चर्चा करना है। संगोष्ठी में शिक्षा, रोजगार, तकनीक, सामाजिक बदलाव और करियर के नए अवसरों जैसे विषयों पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में रक्षा कुमारी प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय और निशु कुमारी तृतीय रहीं। संस्कृत विभाग में आशा कुमारी भारती प्रथम, तारा कुमारी द्वितीय तथा रक्षा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। राजनीति विज्ञान में अंकित कुमार प्रथम, शुभम कुमार द्वितीय और लक्ष्मी कुमारी तृतीय रहीं। मनोविज्ञान विभाग में मोहित कुमार, हिंदी विभाग में विकास कुमार, अर्थशास्त्र विभाग में रक्षा कुमारी, भौतिक विज्ञान में सोनी कुमारी, रसायनशास्त्र में सौरभ पाण्डेय तथा गणित विज्ञान में शुभम कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जन्तु विज्ञान में मनोरंजन भारती, वनस्पति विज्ञान में प्रेम शाला कुमारी, अंग्रेजी विभाग में दुबे अंजलि, दर्शनशास्त्र में अर्चना कुमारी, बीसीए में समिर तिवारी तथा बीबीए में स्वेता कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम में सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं यादगार अवसर साबित होगा।

### केशोपुर में तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव शुरू, जलयात्रा से गूंजा पूरा इलाका

**सिमरी।** सिमरी प्रखंड के केशोपुर गांव में सोमवार से तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत भव्य जलयात्रा के साथ हुई। आयोजन के पहले ही दिन गांव और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का अनोखा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटने लगे, जहां से कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच गंगा घाट के लिए रवाना हुए। यात्रा में हाथी-घोड़े भी आकर्षण का केंद्र बने रहे। पूरे रास्ते श्रद्धालु जय श्रीराम और बजरंगबली के जयघोष करते आगे बढ़ते रहे। गंगा घाट पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई और विधि-विधान से कलशों में गंगाजल भरकर श्रद्धालु वापस गांव लौटे। गांव वापसी के दौरान विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने जलयात्रा का स्वागत किया। मंदिर परिसर पहुंचने पर आचार्यों द्वारा विशेष पूजन कराया गया। भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। इसके बाद मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत शुभारंभ हुआ तथा हरिकीर्तन का आयोजन शुरू किया गया, जिसमें देर शाम तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को मूर्ति कर्मकुटी, ग्राम भ्रमण और विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे। श्रद्धालु गांव भ्रमण के दौरान धार्मिक संदेश भी देंगे। तीसरे दिन 29 अप्रैल को सुबह महाप्रसाद वितरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। समिति ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, बैठने और प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं बुधवार की रात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## पेयजल, महादलित कैंप, पशु राहत और बाढ़ तैयारी पर भी अधिकारियों को कड़े निर्देश

# स्वगणना में सुस्ती पर डीएम सख्त, दो दिन में दिखे प्रगति




**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में कई विभागों की कार्यशैली पर सख्त नाराजगी देखने को मिली। बैठक के दौरान स्वगणना कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दो दिनों के भीतर स्थिति सुधारने का अल्टीमेटम दिया। साथ ही पेयजल आपूर्ति, महादलित टोलों में चल रहे कैंप, मवेशियों की सुरक्षा तथा संभावित बाढ़ की तैयारी को लेकर भी स्पष्ट और कड़े निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका तथा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभागीय कर्मियों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले अभिभावकों और जीविका दीदियों के माध्यम से स्वगणना अभियान में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों के भीतर प्रगति हर हाल में दिखनी चाहिए, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी।

डीएम ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र के प्रगणकों के जरिए घर-घर पहुंचकर स्वगणना कार्य सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि यह केवल कागजी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्राथमिकता का विषय है। महादलित टोलों में लगाए जा रहे विशेष कैंपों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड, आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड से जुड़े आवेदनों का तत्काल नियमानुसार निष्पादन कराया जाए। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

बैठक में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल से जुड़ी शिकायतों और समाचार पत्रों में प्रकाशित पेयजल संकट की खबरों पर भी गंभीर चर्चा हुई। इस पर डीएम ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को निर्देश दिया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कनीय एवं सहायक अभियंताओं के साथ नियमित बैठक करें और खराब पड़े चापाकलों को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। साथ ही पाइपलाइन से हो रही पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे, इसकी लगातार निगरानी की जाए। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को मवेशियों के लिए राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पशुओं के लिए आश्रय स्थल, स्वच्छ पेयजल और चारे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पशुधन को नुकसान न पहुंचे।

अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को निर्देश दिया गया कि इन व्यवस्थाओं के संचालन, एसओपी के पालन और नियमित अनुश्रवण की जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं। डीएम ने कहा कि कागजों पर नहीं, जमीन पर काम दिखना चाहिए। बैठक के अंत में संभावित बाढ़ को लेकर भी प्रशासन सतर्क नजर आया। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले संभावित परिवारों की सूची अभी से अद्यतन करें, ताकि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में कोई बाधा न आए।

# शराब तस्कर मुकेश राय दोषी सिद्ध छह मई को सुनाई जाएगी सजा



**केटी न्यूज/बक्सर**

शराबबंदी कानून के उल्लंघन से जुड़े एक बड़े मामले में बक्सर के स्थानीय उत्पाद न्यायालय (संख्या-02) ने सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी मुकेश कुमार राय को दोषी करार दिया। न्यायाधीश सोनेलाल रजक की अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, दस्तावेजों और गवाहों के बयान के आधार पर यह निर्णय सुनाया। अब दोषी अभियुक्त को कितनी सजा दी जाएगी, इस पर अदालत 6 मई को अंतिम आदेश सुनाएगी।मामला वर्ष 2025 का है, जब उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर वीर कुंवर सिंह चेकपोस्ट पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया था। जांच के दौरान हरियाणा नंबर के एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। प्रारंभिक जांच में सब कुछ सामान्य प्रतीत हुआ, लेकिन अधिकारियों को संदेह होने पर ट्रक की गहन जांच की गई। तलाशी के दौरान ट्रक के भीतर विशेष रूप से तैयार किया गया एक गुप्त तहखाना मिला, जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर रखी गई थी। विभागीय अधिकारियों ने शराब की मापी कराई, जिसमें कुल 2909.160 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इतनी बड़ी मात्रा में शराब मिलने के बाद मौके पर मौजूद चालक मुकेश कुमार राय को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डीहगौहरार (खालिक नगर) निवासी 38 वर्षीय मुकेश कुमार राय के रूप में हुई थी। अदालत में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक अवधेश कुमार राय, अपर विशेष लोक अभियोजक रविंद्र कुमार सिन्हा तथा श्यामा श्री चन्द्र ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। वहीं उत्पाद विभाग के निरीक्षक सह सूचक कुंदन कुमार द्वारा दर्ज प्राथमिकी, जब्ती सूची, जांच रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों को भी अदालत में प्रस्तुत किया गया। सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दोषी पाया। फैसले के बाद अब सबकी नजर 6 मई की सुनवाई पर टिकी है, जब अदालत यह तय करेगी कि दोषी को कितने वर्षों की कारावास की सजा और कितना आर्थिक दंड दिया जाएगा। यह मामला शराब तस्करी पर प्रशासन की सख्ती का बड़ा उदाहरण माना जा रहा है।

# बक्सर में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लगा शिविर, 54 आवेदन प्राप्त

- 17 मामलों का त्वरित निष्पादन, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 18 नए आवेदन मिले, 29 अप्रैल को दुर्गा टाकिज के पास लगेगा अगला कैंप




**केटी न्यूज/बक्सर**

विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में सोमवार को सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम ह्लसबका सम्मान-जीवन आसानह्व के तहत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे बिजली उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए, जिनमें बिल त्रुटि, नया कनेक्शन, मीटर खराबी, लाइन समस्या तथा अन्य शिकायतें प्रमुख रहीं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार विभिन्न शिविरों में कुल 54 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित शाखाओं को भेजते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कार्यालयों के चक्कर लगाने से बेहतर है कि एक ही स्थान पर समस्याओं का समाधान हो रहा है। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है। शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को लगाए जा रहे शिविरों में पहुंचकर अपनी शिकायतों का निष्पादन कराएं। इसी क्रम में सोमवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत नए आवेदन प्राप्त करने तथा ऋण निस्तारण के लिए मुनीब चौक के पास विशेष कैंप लगाया गया। कैंप में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली खर्च में कमी लाई जा सकती है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना शिविर में 18 नए आवेदन प्राप्त हुए, जबकि सैकड़ों लोगों ने योजना के लाभ, अनुदान, ऋण सुविधा और आवेदन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। वहीं दो लाभुकों के ऋण का निस्तारण भी मौके पर किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता सूर्य प्रकाश सिंह, सहायक विद्युत अभियंता राम लखन राम, अग्रणी जिला प्रबंधक बक्सर तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में योजना से जुड़ने और सोलर पैनल लगाकर बिजली बचत की दिशा में कदम बढ़ाने की अपील की। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अगला विशेष कैंप 29 अप्रैल को दुर्गा टाकिज के पास आयोजित किया जाएगा, जहां नए आवेदन लेने के साथ ऋण संबंधित मामलों का भी निपटारा किया जाएगा।

# बक्सर में स्वच्छता पर डीएम का बड़ा एक्शन : नगर निकायों में चला विशेष अभियान

- सिंगल यूज प्लास्टिक, खुले में कचरा फेंकने और गंदगी पर सख्ती के निर्देश, रोजाना रिपोर्ट देने का आदेश



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी साहिला के निर्देश पर सोमवार को बक्सर जिला अंतर्गत सभी नगर निकायों में व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शुरू किए गए इस विशेष अभियान में सार्वजनिक और व्यक्तिगत स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, खुले में कचरा फेंकने पर रोक तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद कराने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिले के विभिन्न वार्डों में वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिकारियों ने अपने आवंटित वार्डों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। साथ ही घरों और दुकानों के आसपास कचरा जमा नहीं करने, नालियों को साफ रखने तथा गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि खुले में कचरा फेंकना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थल और बाजार क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बताते हुए दुकानदारों, ठेला चालकों और आम नागरिकों से कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने की अपील की गई। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने आवंटित वार्डों में लगातार निरीक्षण करें और जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाएं। साथ ही प्रतिदिन जांच प्रतिवेदन तैयार कर निरीक्षण एवं अनुपालन कोषांग, बक्सर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रशासनिक स्तर पर इस अभियान की मॉनिटरिंग भी की जाएगी ताकि स्वच्छता अभियान सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर उसका असर दिखाई दे। जिले के सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को भी विशेष जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि स्वच्छता अभियान और सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लगातार प्रचार-प्रसार कराया जाए। मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर माइकिंग कर लोगों को जागरूक करने का आदेश दिया गया है। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव को इस पूरे अभियान की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि अभियान की नियमित समीक्षा करें और जरूरत पड़ने पर सख्त कदम उठाएं। प्रशासन की इस मुहिम से साफ है कि बक्सर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में अब गंभीर पहल शुरू हो चुकी है। यदि नागरिक भी प्रशासन का साथ दें, तो आने वाले दिनों में शहर और कस्बों की तस्वीर बदल सकती है।

# राजपुर में पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान के बहाने एनडीए ने साधा चुनावी समीकरण

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को आयोजित पंचायत जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह राजनीतिक रूप से खासा महत्वपूर्ण नजर आया। सम्मान कार्यक्रम के जरिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर आगामी चुनावी रणनीति को धार देने का प्रयास किया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर उनके समर्थन का संदेश देने की कोशिश की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष फुटचंद सिंह ने की, जबकि संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष ठाकुर प्रताप उर्फ पिंटू सिंह ने किया। समारोह में पहुंचे नेताओं ने पंचायत प्रतिनिधियों को स्थानीय राजनीति की अहम कड़ी बताते हुए उनके सम्मान और सहयोग का भरोसा दिलाया। सभा को संबोधित करते हुए संदेश के विधायक एवं पूर्व एमएलसी राधाचरण सेठ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से ही क्षेत्र का विकास संभव है। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जनता और पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से विकास के कई मुद्दों को सरकार तक पहुंचाया गया था और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। पूर्व मंत्री एवं राजपुर विधायक संतोष निराला ने राज्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की रफ्तार लगातार जारी है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से एकजुट होकर क्षेत्रहित में काम करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीतिक रूप से भ्रम फैलाने वालों से सतर्क रहने की जरूरत है।

एमएलसी प्रत्याशी कन्हैया प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान, अधिकार और कार्यों में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने आगामी चुनाव में समर्थन की अपील करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का साथ मिला तो क्षेत्र की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

**गरीब हो रहे कंगाल, माफिया मालामाल**

# मधुबनी में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रही लॉटरी




**एजेंसी। पटना**

मधुबनी जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में प्रतिबंध के बावजूद लॉटरी टिकट बेचने का धंधा जोरों पर है। माफिया मालामाल हो रहे हैं जबकि गरीब और कंगाल हो रहे हैं। जिला प्रशासन के नाक के तले खुलेआम यह अवैध कारोबार चल रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धड़े बैठी हुई है। इससे यही साबित होता है कि अवैध धंधे में शामिल धंधेबाजों के अंदर पुलिस का डर खत्म हो गया है। जिसके चलते कभी ये शराब और मादक पदार्थो की तस्करी करते हैं तो कभी अवैध लॉटरी और गेसिंग खिलवाने का काम करते हैं। लॉटरी बेचे जाने का ताजा मामला बिहार के मधुबनी जिले से आ रहा है। जहां करोड़पति बनाने का सपना दिखा लोगों को कंगाल बनाया जा रहा है। ारकार के द्वारा प्रतिबंधित किए गए धंधे में हर रोज जिले में लाखों रुपए राजस्व की चोरी के साथ-साथ आम लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं और लॉटरी विक्रेता मालामाल हो रहे हैं। रातों रात करोड़पति बनने के सपने देखने वाले गरीब, गुरबे, ठेला, खोमचा चलाने वाले एवं पैकेट खर्च लेकर पढ़ने आने वाले युवा पीढ़ी में भी लॉटरी के टिकट खरीदने का चस्का लगा हुआ है। इन लोगों के द्वारा कम समय में रातों-रात करोड़पति बनने के लिए प्रत्येक रोज 10 रुपए से लेकर 100 रुपए तक के लॉटरी के टिकट खरीदे जाते हैं, लेकिन जब इनको कुछ प्राप्त नहीं होता तो दूसरे दिन अपने भाग्य की आजमाइश करने पुनः उन ब्लैकियर्स के पास पहुंच जाते हैं जो छुपकर लॉटरी के टिकट बेचने का नाजायज धंधा किया करते हैं। जिला प्रशासन के नाक के तले बिक रहे लॉटरी के टिकट के विक्रेताओं पर प्रशासन भी हाथ डालने से कतराती है। जैसे मानो इन्हें कुछ पता नहीं, लेकिन प्रशासन के लोग को मोटी नजराना देकर इस धंधे के मुख्य सरगना के द्वारा मुंह बंद कर दिया जाता है। कस्बाई बाजार से लेकर मधुबनी जिला मुख्यालय के कोतवाली चौक , मच्छट्टा चौक , बाटा चौक ,ग्रियेशन बाजार , मुख्य किराना मंडी , लोहापट्टी,गदियानी ,बड़ाबाजार ,शंकर चौक सहित जिले के जयनगर बाजार , सकरी ,पंडौल ,फुलपरास सहित छोटे बड़े कस्बाई बाजार में इसकी बिक्री धड़ल्ले से की जाती है। ऐसा नहीं है कि यह टिकट पर लोगों को टिकट पर लिखी हुई राशि प्राप्त हुई हो। लेकिन रातों-रात अमीर बनने के सपने में अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई को प्रत्येक रोज लॉटरी के नाम पर बर्बाद किए जाते हैं। लॉटरी के टिकट खरीददार जिले में कोई अमीर नहीं बना है, लेकिन मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण करने की बजाए वह खाक पति जरूर बन गया है। मधुबनी जिला मुख्यालय में तो कई लोग अपने कीमती जमीन तक बेच कर कंगाल हो चुके हैं ।

# कोसी-सीमांचल में बारिश-वज्रपात के कारण पांच लोगों की मौत, आज 14 जिलों में अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम का मिजाज बदल चुका है। रविवार देर रात कोसी-सीमांचल के जिलों में मूसलाधार बारिश हुई। पूर्णिया समेत कुछ जिलों में तो ओले भी गिरे। सहरसा, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में तेज आंधी कई कच्चे मकानों को गिरा दिया। कई पेड़ गिर गए। इन जिलों में वज्रपात के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कटिहार के तीन लोग, पूर्णिया और अररिया एक-एक महिला की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इन घटना पर शोक जताया जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने सभी मृतक के आश्रितों को तत्काल चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को उत्तर और उत्तर पूर्वी बिहार के जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, वैशाली, दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में आंधी और बारिश के आसार हैं। इन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने के भी आसार हैं। इधर, दक्षिण बिहार, दक्षिण-पश्चिम बिहार के लिए कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है। पटना समेत कुछ जिलों में रविवार रात को हवा चलने से गर्मी से राहत जरूर मिली। सोमवार सुबह धूप निकली है लेकिन उतनी तपिश नहीं है। मौसम विभाग ने रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, गया समेत कुछ जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 28 अप्रैल को पूरे बिहार में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3-4 दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। अगले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में भी एक से तीन डिग्री तक कमी आने की संभावना है। बारिश के प्रमुख आंकड़ों पर नजर डालें तो ठाकुरगंज में 75.4 मिमी, पलासी में 52.4 मिमी, कुसाकांटा में 38.4 मिमी, बैसा में 32.4 मिमी और कोचाधामन में 30.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा किशनगंज (28.4 मिमी), सिकटी (26.4 मिमी), फॉरबिसगंज (25.4 मिमी) और अररिया (25.2 मिमी) समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। राज्य में गर्मी का असर अब भी बना हुआ है। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस रोहतास के डेहरी में दर्ज किया गया। पूरे राज्य में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस से 44.4 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। हालांकि, बीते 24 घंटों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करें तो सबसे कम 21.0 डिग्री सेल्सियस अररिया के फॉरबिसगंज में दर्ज किया गया। राज्य का न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस से 30.3 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा और इसमें भी कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ।

### 28 अप्रैल को पूरे बिहार में बारिश के आसार

इधर, दक्षिण बिहार, दक्षिण-पश्चिम बिहार के लिए कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है। पटना समेत कुछ जिलों में रविवार रात को हवा चलने से गर्मी से राहत जरूर मिली। सोमवार सुबह धूप निकली है लेकिन उतनी तपिश नहीं है। मौसम विभाग ने रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, गया समेत कुछ जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 28 अप्रैल को पूरे बिहार में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3-4 दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। अगले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में भी एक से तीन डिग्री तक कमी आने की संभावना है।

## एक नजर

### जगदीशपुर विधायक ने गरीब छात्रों को लिए सशक्त बनाने के लिए उठाया कदम

**जगदीशपुर।** जगदीशपुर विधायक भगवान कुशवाहा ने शिक्षा को बढ़ावा देने और गरीब छात्राओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों से दो-दो आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को गोद लिया जाएगा। इस योजना के तहत चयनित छात्राओं की पढ़ाई,किताबें,यूनिफॉर्म, परीक्षा शुल्क सहित अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं का खर्च विधायक निधि एवं सामाजिक सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज की प्रगति के लिए बेटियों की शिक्षा सबसे जरूरी है और आर्थिक अभाव के कारण किसी भी छात्रा की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों से अपील की कि वे जरूरतमंद और मेधावी छात्राओं का चयन पारदर्शी तरीके से करें। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बालिका शिक्षा को मजबूत करना है। विधायक की इस घोषणा से क्षेत्र के अभिभावकों,शिक्षकों एवं छात्राओं में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे सामाजिक सरोकार से जुड़ा सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि इससे गरीब परिवारों की बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा और क्षेत्र में शिक्षा का स्तर भी मजबूत होगा।

### विभिन्न कांडों में फरार चल रहें तीन आरोपी को जेल

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मामलों में रजौली प्रशासन ने कार्रवाई कर फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विभिन्न कांडों में संलिप्त अभियुक्त को रविवार की रात्रि में छापेमारी कर तीन नामजद अभियुक्त जहेलाबीघा निवासी विनोद चौधरी के पुत्र रोशन कुमार शराब मामले में अभियुक्त तथा वही पॉक्स एक्ट मामले में सिरदला थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयपुर गांव निवासी दीपू राजवंशी के पुत्र अनूप कुमार अनुपम कुमार और कोर्ट वारंट फरार अभियुक्त तरगीर निवासी सदानंद प्रसाद के पुत्र अनुज कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर एसआई सचिन कुमार ने सभी उपभोक्ता को घर से गिरफ्तार किया। इस मामले को लेकर थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत गुप्त सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में फरार अभिक्तों की आमागमन शादी की सीजन को लेकर देखी जा रही है इस मामले को संज्ञान में लेते हुए विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाकर गिरफ्तार कर विशेष पूछताछ कर सोमवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

### बारात बस और हाईवा ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, कई जख्मी

**नासरीगंज।** डेहरी-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर इटिम्हा गांव के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसे ने खुशी के बारात को मातम में बदल दिया। बारात से लौट रही बस और हाईवा ट्रक के बीच जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस इस हादसे में भोजपुर जिले के हेतनपुर गांव निवासी रमेश मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल जगदीशपुर निवासी अरुण यादव,उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अरुण यादव, पिंटू यादव और भोला कुमार शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज निजी क्लिनिक में जारी है, जहां दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। टक्कर इतनी तेज थी कि हाईवा चालक और खलासी के दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।सूचना मिलते ही नासरीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात बाधित रहा।

# कच्छवां में भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ी हर घर–नल जल योजना



- योजना का फर्जी कागज तैयार,पानी की बूंद को तरस रहें ग्रामीण

**केटी न्यूज। रोहतास**

कच्छवाँ गांव में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। वार्ड संख्या 6,7,8 और 9 में लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, जबकि सरकार की ह्लहर घर नल का जलह्व योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। गांव के अधिकांश सरकारी हथिया चापाकल खराब होने से हालात और भयावह हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड 9 में कामता राम सहित कई परिवारों को नल जल योजना से सिर्फ 3 महीने तक पानी मिला, उसके बाद से सप्लाई बंद है। गुड़िया देवी, मोनी देवी,सरजू चौरसिया,ओम प्रकाश शर्मा,धनंजय शर्मा और नितेश चंद्रवंशी ने बताया कि अब दूसरों के घरों से पानी मांगकर अपमान झेलना पड़ रहा है। वार्ड 8 निवासी संजय चौधरी, बंटी कुमार, सोनू कुमार,आजाद शेख, भोला अंसारी और रवि कुमार ने कहा कि दोनों सरकारी हथिया चापाकल महीनों से खराब हैं, वहीं सरकारी हाई स्कूल में लगा चापाकल भी नहीं चल रहा, जिससे छात्रों को भी परेशानी हो रही है। वार्ड सदस्य सरोज राम ने बताया कि कई बार ब्लॉक स्तर पर शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पत्रकार टीम की पड़ताल में पाया गया कि लगभग सभी नल जल योजनाएं बंद हैं और अधिकांश चापाकल खराब हैं। पीएचडी कर्मी मुकेश कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी नौशाद आलम सिद्दीकी हर चीज सही चल रही है जैसे दावे करते रहे, लेकिन जमीन पर यह साबित हो गया कि योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत कर नल जल योजना को चालू किया जाए। इसमें लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए जिला स्तर से टीम भेजकर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# शादी समारोह में जा रही नालंदा की महिला की सड़क दुर्घटना में मौत



**केटी न्यूज। नवादा**

नगर थाना क्षेत्र के एनएच-20 स्थित हड्डी गोदाम के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी समारोह में शामिल होने जा रही महिला की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।मृतका की पहचान नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत भेड़िया गांव निवासी देवेंद्र सिंह की 60 वर्षीय पत्नी सुजान देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, महिला रांची से बिहार शरीफ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। इसी दौरान नवादा में बस रुकने पर वह बाथरूम के लिए नीचे उतरी थी।बताया जाता है कि उसी समय रजौली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना की सूचना मिलते ही बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अवैध बालू खनन के विरुद्ध में पुलिस ने 10 ट्रैक्टर को किया जब्त

- पुलिस के छापेमारी में बिना चालान बालू ढोते पकड़े गये वाहन



**केटी न्यूज। नवादा**

जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है नारदीगंज थाना क्षेत्र में संयुक्त टीम ने छापेमारी कर बालू लदे 10 ट्रैक्टरों को जब्त किया है हालांकि, इस सख्ती के बीच शहर के कुछ अन्य मार्गों पर माफियाओं का बेखौफ परिचालन अब भी प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है नारदीगंज पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार सुबह करीब चार बजे गुप्त सूचना के आधार पर वणगंगा चौक के पास घेराबंदी की इस दौरान अवैध रूप से बालू का परिवहन कर रहे 10 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया नारदीगंज थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि पकड़े गये किसी भी वाहन के पास वैध कागजात नहीं थे उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध बालू कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और जब्त वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जहां एक ओर जहां नारदीगंज में बड़ी कार्रवाई हुई, वहीं शहर के ननौरा रोड पर स्थिति इसके उलट है स्थानीय लोगों के अनुसार, ननौरा रोड पर प्रतिदिन सुबह चार से सात बजे के बीच बालू लदे ट्रैक्टरों की खुलेआम आवाजाही होती है चौंकाने वाली बात यह है कि मिजार्पुर सूर्य मंदिर के पास अवैध परिवहन पर रोक के लिए टीओपी-पुलिस चौकी स्थापित है, फिर भी माफिया इसी मार्ग का उपयोग बेखौफ होकर कर रहे हैं। आक्रोशित लोगों ने मांग में नारदीगंज की तर्ज पर शहर के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी नियमित छापेमारी की जाए। यह अवैध कारोबार न केवल सरकारी राजस्व को चूना लगा रहा है, बल्कि भारी वाहनों के कारण सड़कों की स्थिति भी जर्जर हो रही है। नागरिकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए माफियाओं के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की अपील की है।

# पुनपुन में 20 गुना बढ़ोतरी का दावा: लैंड पूलिंग से जमीन की कीमत 10 गुना बढेगी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में 11 सैटेलाइट सिटी विकसित किये जाएंगे। पाटलिपुत्र सैंटेलाइट टाउनशिप बनाये जाएंगे। इस परियोजना के लिए जमीन की जरूरत होगी। जमीन के अधिग्रहण को लेकर सरकार ने स्थिति स्पष्ट की है। यदि किसी किसान की जमीन इस परियोजना में जाती है तो उन्हें बाजार दर का चार गुना मुआवजा मिलेगा। या फिर 55 प्रतिशत विकसित जमीन वापस दी जाएगी। जो जमीन दी जाएगी उसमें सड़क, बिजली और ड्रेनेज जैसी सुविधाएं होंगी। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि इन टाउनशिप के लिए जमीन अधिग्रहण पारदर्शी तरीके से किया जाएगा और किसानों के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मुआवजे को लेकर यह क्लीयर किया गया कि किसानों को जमीन के बदले बाजार दर का चार गुना तक मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब हम लैंड पुलिंग करेंगे तो एक जमीन की कीमत कम से कम 10 गुणा बढ़ जाएगी। पुनपुन में जो सैंटेलाइट सिटी बनेगा उसकी जमीन की कीमत में 20 गुणा इजाफा होगा। किसी को भी भूमिहीन हम नहीं होने देंगे। 22 फीसदी जमीन रोड के लिए जाएगी। पूरी व्यवस्था पारदर्शी रहेगी। हर एक स्कीम लोगों के सामने लाई जाएगी, ताकि किसी तरह का कंफ्यूजन ना हो। लैंड पुलिंग स्कीम अलग-अलग इलाके में आएगी मार्केट वैल्यू के साथ रहेगी ताकि किसी के साथ नाइंसाफी ना हो। टीडीआर 4 गुणा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया किसानों की कुल जमीन का करीब 55 प्रतिशत हिस्सा डेवलप करके वापस दिया जाएगा। जो शहर बसेगा वहां पार्क, प्ले ग्राउंड, कम्युनिटी सेंटर, हॉस्पिटल, स्कूल, पूजा और उपासना के स्थल, सड़क, ड्रेनेज और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद रहेगी। प्रधान सचिव ने बताया कि सभी सैटेलाइट टाउन मुख्य शहरों से करीब आधे घंटे की दूरी पर विकसित किए जाएंगे, ताकि कनेक्टिविटी बेहतर रहे और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके. हर टाउनशिप में निवेश आकर्षित करने और रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर दिया जाएगा. स्थानीय लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 5 प्रतिशत जमीन आरक्षित रखने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जमीन अधिग्रहण लैंड पूलिंग मॉडल पर होगा और किसी भी किसान को भूमिहीन नहीं होने दिया जाएगा। परियोजना शुरू करने से पहले किसानों की सहमति ली जाएगी और किसी तरह की शिकायत के समाधान के लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा।

# फूटपाथी दुकानदारों के अवैध अतिक्रमण हटने पर विधायक ने उठाया सवाल

**केटी न्यूज। आरा**

शाहपुर नगर के मेन रोड तथा बनाही रेलवे-स्टेशन रोड,ब्लॉक रोड में अतिक्रमण हटाने का सिलसिला निरंतर तीसरे दिन भी जारी रहा। अतिक्रमण हटाने के पहले विधायक राकेश रंजन ओझा ने मामला उठाते हुए सरकार को पत्र

के माध्यम से अवगत कराते हुए वेंनडिंग जोन बनाने की बात बताई गई थी। लेकिन नगर पंचायत बातो को नजरअंदाज कर बातो को ठंढे बस्ते में डालकर काम जारी रखा है। जिससे आम लोगों में प्रशासन के प्रति रोष एवं आक्रोश व्याप्त रहा है। वहीं अतिक्रमण के सवालो पर नगर पंचायत शाहपुर की उप मुख्य पार्षद झूनिया देवी का कहना है कि एक तरफ नगर प्रशासन फूटपाथी दूकानदारो का अतिक्रमण हटा रहा है। तो दूसरे तरफ संडको पर ठेला गुमटी सब्जी फल दूकान लगवाकर सैरात की वसूली करते है।जाम तो नगर पंचायत द्वारा खुद कराया जा रहा है। नंप के गुप्तेश्वर साह का कहना है कि अतिक्रमण सभी जगह पर होना चाहिए। सड़क को चिन्हित कर लाइन का एरिया के अंदर दूकान लगवाना चाहिए। दो चार दिन हटाया जाता फिर वहीं ज्यों की त्यों स्थिति बन जाती है। टैक्सी मैक्सी की वसूली पर मो नसीम शाह का कहना है कि यह वसूली का टेंडर शाहपुर बनाही रेलवे-स्टेशन रोड, शाहपुर करनामेपुर रोड,में करना है। लेकिन नगर प्रशासन एनएच आरा बक्सर रोड पर करवा रही है। जो नियम कानून का उल्लंघन है। उसका भी समय निर्धारित है। लेकिन यह वसूली देर रात तक चलता है। जिसकी जांच होनी चाहिए। एक तरफ अतिक्रमण से सैकडो परिवार की रोजी रोटी जूडा है। जो एनएच पर बस स्टैंड बनाकर जाम कर दिया जाता है। लेकिन कोपभाजन चुंगी झोपडी ठेला सब्जी वाले शिकार हो रहे है। अतिक्रमण का नेतृत्व स्वच्छता पदाधिकारी मंजीत अरोडा। टैक्स कर्मी बलवंत कुमार,प्रिंस कुमार,जेई शैलेस कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।



# पटना मेट्रो को मिली रफ्तार: सीएम सम्राट चौधरी का बड़ा निर्देश, जल्द जुड़ेंगे जंक्शन और टर्मिनल



**एजेंसी। पटना**

पटना में सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक अहम बैठक की, जिसमें शहर के विकास से जुड़े कई बड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक मुख्यमंत्री सचिवालय के ह्यसंवादह्न भवन में हुई, जहां नगर विकास एवं आवास विभाग, पंचायती राज विभाग और पर्यटन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। लेकिन इस पूरी बैठक का सबसे बड़ा फोकस रहा पटना मेट्रो प्रोजेक्ट। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि अब पटना मेट्रो के काम में किसी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि काम की रफ्तार बढ़ाई जाए और इसे तय समय के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। उनका कहना था कि मेट्रो सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि पटना शहर के भविष्य की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि पटना मेट्रो को जल्द से जल्द पटना रेलवे जंक्शन से जोड़ा जाए। उन्होंने मलाही पकड़ी से राजेंद्र नगर टर्मिनल तक चल रहे काम को प्राथमिकता देने को कहा। उनका मानना है कि जब आईएसबीटी, राजेंद्र नगर टर्मिनल और पटना जंक्शन आपस में मेट्रो से जुड़ जाएंगे, तो लोगों का सफर काफी आसान हो जाएगा। अभी पटना में ट्रैफिक की समस्या बड़ी परेशानी बनी हुई है। ऐसे में मेट्रो कनेक्टिविटी बढ़ने से न सिर्फ समय बचेगा, बल्कि सड़कों पर भीड़ भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस प्रोजेक्ट में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कोई भी काम जल्दबाजी में खराब तरीके से न किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सिर्फ मेट्रो ही नहीं, बल्कि शहर से जुड़े बाकी सभी विकास कार्य भी तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने साफ कहा कि जनता के पैसे से बनने वाली हर योजना मजबूत और टिकाऊ होनी चाहिए। नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन और शहरों के मास्टर प्लान से जुड़ी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों को अब तक घर नहीं मिला है, उन्हें जल्द से जल्द पक्का मकान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने शहर की सफाई और सीवरेज सिस्टम को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गंगा नदी के किनारे जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (रळ्ढ) बन रहे हैं, उनका काम तेजी से पूरा किया जाए। साथ ही पूरे शहर में सीवरेज नेटवर्क का विस्तार किया जाए, ताकि गंदा पानी सीधे नदियों में न जाए।

## गांवों में भी विकास पर फोकस

बैठक में सिर्फ शहर ही नहीं, बल्कि गांवों के विकास पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जो लाइटें लगाई गई हैं, वे पूरी तरह काम कर रही हों, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए एक अच्छा मॉनिटरिंग सिस्टम बनाने का निर्देश भी दिया गया।

## पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा

इसके अलावा गया जिले के महाबोधि मंदिर और विष्णुपद मंदिर से जुड़े विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों से कहा गया कि इन परियोजनाओं को तय समय पर पूरा किया जाए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। बैठक में मुख्य सचिव, विकास आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। अब इन निर्देशों के बाद योजनाओं की रफ्तार पर सबकी नजर बनी हुई है।

# बिहार में भीषण सड़क हादसा : स्कॉर्पियो और बारात से लौट रही ऑटो की टक्कर, एक ही गांव के तीन लोगों की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सारण जिले में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। दिघवारा थाना क्षेत्र के मानुपुर गांव के पास एनएच पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ही गांव के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। मृतकों में एक बुजुर्ग महिला भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, अवतारनगर थाना क्षेत्र के झौवां बसंत गांव के कुछ लोग एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात ऑटो से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनका ऑटो मानुपुर गांव के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एक ही गांव के तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही झौवां बसंत गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का एलान

# बिहार में सरकारी कार्यक्रमों के लिए नई गाइडलाइन, वंदे मातरम से शुरूआत और बिहार गीत के साथ होगा समापन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब सभी सरकारी कार्यक्रमों की शुरूआत राष्ट्रीय गीत ह्लवंदे मातरम्ह्व से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया जाएगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू होंगे। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत के साथ किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल ने रविवार को सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में गीतों के गायन का क्रम भी तय किया गया है। नई व्यवस्था के तहत सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी दिन की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से होगी, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया जाएगा। इसके बाद संस्थानों का नियमित संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। विभाग ने अधिकारियों को इन निदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने



28 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसके गायन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि सरकारी जमीन पर बने सभी अवैध मकान और भवन ध्वस्त किए जाएंगे, चाहे वे किसी के भी हों। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि तारापुर स्थित उनके घर की सीढ़ी भी प्रशासन द्वारा तोड़ी जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि सरकारी जमीन को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सम्राट चौधरी रविवार को पहली बार अपने गृह जिला मुंगेर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तारापुर विधानसभा क्षेत्र के असरगंज प्रखंड स्थित बैजलपुर गांव में प्रधानमंत्री के ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम को सुना और बाद में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया था।

## नई गाइडलाइन जारी

नई गाइडलाइन के अनुसार राज्य में होने वाले हर सरकारी कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत ह्लवंदे मातरम्ह्व से होगी। इसके तुरंत बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा और फिर निर्धारित कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत के साथ किया जाएगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो. सोहैल ने रविवार को सभी विभागीय प्रमुखों, पुलिस महानिदेशक, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

## राष्ट्र गीत से होगी कार्यक्रम की शुरूआत

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में गीतों के गायन का क्रम सुनिश्चित रूप से पालन किया जाए। निर्देश के अनुसार, सभी शैक्षणिक संस्थानों में भी दिन की शुरूआत राष्ट्रीय गीत ह्लवंदे मातरम्ह्व से होगी, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया जाएगा। इसके पश्चात नियमित शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

## सख्ती से पालन का आदेश

विभाग ने अधिकारियों को इन निदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 28 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय गीत के गायन और उसके सम्मान को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके बाद राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। जिसके बाद से सरकारी स्कूलों में भी राष्ट्र गीत वंदे मातरम् को अनिवार्य कर दिया गया है।

# पटना में दिल दहला देने वाली वारदात : पड़ोसी ने मासूम की हत्या कर शव बेड के नीचे छिपाया, मोबाइल से खुला राज

**एजेंसी। पटना**

पटना के बाइपास थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां 10 साल की एक मासूम बच्ची की उसके ही पड़ोसी ने निर्मम हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने आरोपी रंजीत कुमार (39) को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहराई से जांच जारी है। बताया जा रहा है कि बच्ची बुधवार सुबह घर से दूध देने के लिए निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बाइपास थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। अगली सुबह गुरुवार को जल्ला हनुमान मंदिर के पास कूड़ेदान में कंबल में लिपटा बच्ची का शव बरामद हुआ। यह दृश्य इतना दर्दनाक था कि इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी रंजीत कुमार बच्ची को बहाने से अपने कमरे में ले गया था। जब बच्ची ने शोर मचाया, तो पकड़े जाने के डर से उसने लोढ़ा (पीसने वाला पत्थर) से वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को बेड के नीचे छिपा दिया और मौका देखकर ठिकाने लगाने की कोशिश करने लगा। हालांकि, पुलिस गश्ती को देखकर वह घबरा गया और शव को



कूड़ेदान में फेंककर फरार हो गया। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के मोबाइल से कई आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें मिली हैं, जिससे केस और भी गंभीर हो गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वारदात से पहले बच्ची के साथ कोई और अपराध हुआ था या नहीं। इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पिछले दो महीनों से बच्ची पर नजर रखे हुए था। वह उसे छोटे-छोटे गिफ्ट और पैसे देकर भरोसा जीतने की कोशिश करता था। घटना वाले दिन भी उसने इसी तरह बहला-फुसलाकर बच्ची को अपने कमरे में बुलाया। वारदात के बाद आरोपी लगातार सबूत मिटाने की कोशिश में लगा हुआ था। लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। मौके से हत्या में इस्तेमाल लोढ़ा, खून से सने कपड़े, तकिया और अन्य सामान बरामद किए गए हैं इस मामले की जांच के लिए एसपी सिटी पूर्वी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (रक्ळ) का गठन किया गया था। वहीं, घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे पुलिस को कार्रवाई में कुछ बाधा भी आई। इस जघन्य घटना के बाद पूरे इलाके में डर और आक्रोश का माहौल है। लोग आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जल्द ही पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# दूध की आड़ में शराब तस्करी का खेल बेनकाब ट्रे के नीचे छिपी मिली 300 लीटर से ज्यादा शराब

**एजेंसी। पटना**

बिहार के बगहा से शराब तस्करी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए बेहद चालाकी भरा तरीका अपनाया। ऊपर से देखने पर गाड़ी दूध सप्लाई करती नजर आ रही थी, लेकिन अंदर ही अंदर अवैध शराब का बड़ा जखीरा छिपाकर ले जाया जा रहा था। हालांकि पुलिस की सतर्कता के आगे तस्करों की यह चाल ज्यादा देर तक नहीं चल सकी और पूरा खेल उजागर हो गया। मामला रेहुवा चेकपोस्ट का है, जहां पुलिस नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक तीन पहिया मालवाहक वाहन को रोका गया। पहली नजर में वाहन में दूध की ट्रे सजी हुई दिख रही थी, जिससे यह एक सामान्य सप्लाई वाहन लग रहा था। लेकिन पुलिस को वाहन की गतिविधियों पर शक हुआ और जब गहन जांच की गई तो सच्चाई सामने आ गई। जैसे ही पुलिस ने दूध की ट्रे हटाकर नीचे देखा, वहां शराब की पेटियां छिपी हुई मिलीं। इस खुलासे के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए।तलाशी के दौरान कुल 35 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी मात्रा करीब 302.4 लीटर बताई जा रही है। तस्करों ने बेहद शातिर तरीके से ट्रे के नीचे शराब छिपाकर उसे गली-मोहल्लों तक पहुंचाने की योजना बनाई थी, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान सिवान निवासी व्यास प्रसाद और उत्तर प्रदेश के अमर सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे ह्यमिल्क सप्लाईह्न के नाम पर शराब की डिलीवरी कर रहे थे। बगहा की प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। साथ ही इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि शराब तस्कर कानून से बचने के लिए लगातार नए-नए तरीके अपना रहे हैं। कभी फल-सब्जी के ट्रक में तो कभी दूध सप्लाई के नाम पर तस्करी की कोशिश की जा रही है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि चौकसी और सख्ती के चलते ऐसे मामलों का लगातार खुलासा हो रहा है और तस्करों के मंसूबे नाकाम किए जा रहे हैं। बगहा पुलिस ने साफ किया है कि आगे भी इस तरह के अभियानों को और तेज किया जाएगा, ताकि अवैध शराब कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# बिहार में बदला मौसम का मिजाज कहीं आंधी-बारिश, तो कहीं भीषण गर्मी

**एजेंसी। पटना**

रविवार को मौसम में आए अचानक बदलाव के बीच उत्तर और पूर्वी बिहार के कई जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जबकि दक्षिण बिहार में भीषण गर्मी का असर बना रहा। आंधी और बारिश से मक्का व रबी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। ठनका गिरने की घटनाओं में कटिहार जिले में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि अररिया में दीवार गिरने से एक वृद्धा की जान चली गई। मौसम में इस बदलाव का असर तापमान पर भी दिखा। पटना समेत 28 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। पूरवा हवा चलने से पटना का तापमान 6.4 डिग्री तक गिर गया। अररिया, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण में बारिश दर्ज की गई। वहीं, गया, डेहरी और भभुआ में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा, जिससे गर्मी का प्रकोप जारी है। फसलों को भी व्यापक नुकसान हुआ है। सुपौल में मक्का और आम, जबकि पूर्वी चंपारण में आंधी और ओलावृष्टि से आम, लीची और सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। शनिवार रात जोकीहाट की काकन पंचायत स्थित शेरलंघा में कच्ची दीवार गिरने से एक वृद्धा की मौत हो गई। इसके अलावा, ठनका और तेज हवा के कारण कई जिलों में बिजली फीडर ट्रिप कर गए, जिससे घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए चेतावनी जारी की है। किशनगंज में सोमवार को तथा अररिया, किशनगंज, गोपालगंज और पश्चिम चंपारण में मंगलवार को मेघ गर्जन और भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# पटना में अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन का बुलडोजर एक्शन, गंगा किनारे बने 35 अवैध निर्माण ध्वस्त

**एजेंसी। पटना**

पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर गंगा किनारे विशेष अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के आठवें दिन रविवार को बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट के पीछे तक गंगा किनारे बने 35 पक्के अवैध निमार्णों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। डीएम ने कहा कि गंगा किनारे का क्षेत्र पर्यावरण और जनहित दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां कई विकास परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गंगा किनारे की असर्वेक्षित भूमि सरकारी संपत्ति है और इस पर किसी भी तरह का निजी दावा मान्य नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यहां अवैध रूप से पक्के निर्माण कर कब्जा कर



लिया गया था, जिन्हें हटाया जा रहा है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में कोई नया अतिक्रमण न हो। इसके लिए एसडीओ और एसडीपीओ को सख्त निर्देश दिए गए हैं। अभियान में बाधा डालने वालों पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि यह कार्रवाई केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे गंगा तट का संरक्षण, न्यायालयीय आदेशों का पालन और शहर के समग्र विकास की योजना भी शामिल है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (ठ्रॠळ) और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार फ्लड प्लेन क्षेत्र और गंगा के तटीय इलाकों में किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है। इसके बावजूद लगातार अवैध निर्माण की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद यह कार्रवाई आवश्यक हो गई। अतिक्रमण हटाने के बाद इन क्षेत्रों में हरित क्षेत्र, पार्किंग व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

## तस्करों और जाली नोट गिरोह पर शिकंजा

# भारत–नेपाल बॉर्डर पर कड़ा एक्शन: बिहार पुलिस ने बनाई 4 स्पेशल यूनिट



**एजेंसी। पटना**

भारत-नेपाल की संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बढ़ती अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बिहार पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। सीमा पार से हो रही तस्करी, जाली नोटों के कारोबार और मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए चार नई स्पेशल यूनिट का गठन किया गया है। इस पहल को सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इन नई यूनिट्स में (एसटीएफ), (एसएसबी) और विशेष शाखा के अनुभवी अधिकारियों व जवानों को शामिल किया गया है। इन टीमों की सबसे बड़ी ताकत इनका संयुक्त ऑपरेशन होगा, जिसके तहत खुफिया सूचनाओं के आधार पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इन यूनिट्स का मुख्य उद्देश्य सीमा पार से संचालित जाली नोटों के नेटवर्क को तोड़ना, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना और मानव तस्करी जैसे अपराधों को जड़ से खत्म करना है। सीमांचल क्षेत्र में इन टीमों की तैनाती से अपराधियों पर सीधा दबाव बनेगा। डीआईजी के मुताबिक, इस साल अब तक इन एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 128 मामलों को दर्ज किया है, जिनमें 146 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सबसे बड़ी सफलता मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में मिली है, जहां 6000 किलो से अधिक नशीले पदार्थों की बरामदगी की गई है। इसके अलावा पशु तस्करी के खिलाफ भी जिलों की पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया जा रहा है।

## हॉटस्पॉट पर खास नजर

पुलिस की रणनीति के तहत अब सीमा के उन हॉटस्पॉट इलाकों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां से अवैध गतिविधियां सबसे ज्यादा संचालित होती हैं। इन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जा रही है ताकि तस्करों के नेटवर्क को शुरूआती स्तर पर ही तोड़ा जा सके।

## ड्रग्स के खिलाफ अलग सेल

युवाओं को नशे से बचाने के लिए एसटीएफ के भीतर एक विशेष सेल का भी गठन किया गया है। यह सेल खासतौर पर ड्रग पेडलर्स और उनके पूरे नेटवर्क को खत्म करने पर काम कर रही है। खुफिया इनपुट के आधार पर लगातार छापेमारी और कार्रवाई की जा रही है।

## सीमांचल में बढ़ेगा सुरक्षा कवच

चार नई यूनिट्स के गठन के साथ ही सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा का दायरा और मजबूत हो गया है। बिहार पुलिस का मानना है कि इस संयुक्त कार्रवाई से न सिर्फ तस्करी और अपराध पर अंकुश लगेगा, बल्कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में भी सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा।

# मुंगेर के बड़ा महावीर मंदिर में चोरी भगवान के चांदी के मुकुट ले उड़े चोर

**एजेंसी। पटना**

मुंगेर शहर के आस्था के प्रमुख केंद्र बड़ा महावीर मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। शनिवार देर रात चोरों ने मंदिर में घुसकर भगवान की प्रतिमाओं से चांदी के मुकुट चुरा लिए। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, देर रात चोर मुख्य गेट फांदकर मंदिर परिसर में दाखिल हुए। इसके बाद वे गर्भगृह तक पहुंच गए और भगवान बजरंगबली, भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की प्रतिमाओं के सिर पर सजे चांदी के मुकुट चोरी कर लिए। रविवार सुबह जब मंदिर के महंत धनश्याम दास पूजा के लिए पहुंचे, तो प्रतिमाओं से मुकुट गायब देखकर हैरान रह गए। देखते ही देखते मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई और लोगों में आक्रोश फैल गया।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि रात करीब 1:30 बजे चोर मंदिर में घुसता है, पहले दरवाजा तोड़ने की कोशिश करता है और फिर बगल के दरवाजे से अंदर जाकर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। महंत के बयान के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।